# फॉरेस्ट की मांग, कैम्पस से सटे अवैध अतिक्रमण जल्द हटे

## कैम्पस में कचरा और शराब की खाली बोतलें फेंकने पर एतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

नागपुर रोड स्थित वन विभाग परिसर से सटे शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को लेकर वन विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। विभाग ने नगर पालिका परिषद को पत्र भेजकर परिसर के आसपास बने सभी अवैध कब्जों एवं अस्थायी दुकानों को तत्काल हटाने की मांग की है।

वन परिक्षेत्र कार्यालय द्वारा भेजे गए पत्र में बताया गया है कि वन विभाग के कैम्पस की सीमा से लगी शासकीय भूमि पर कई लोगों ने अवैध रूप से अस्थायी दुकानें संचालित कर रखी हैं। मुख्य मार्ग पर संचालित इन दुकानों में आने-जाने वाले लोगों के कारण बड़ी मात्रा में प्लास्टिक, डिस्पोजल सामग्री एवं अन्य कचरा सीधे वन विभाग परिसर में फेंका जा रहा है, जिससे परिसर की स्वच्छता और पर्यावरण प्रभावित हो रहा है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि रात्रि के समय इन दुकानों के पीछे असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगा है। यहां शराबखोरी, शोर-शराबा तथा खाली शराब की बोतलें वन विभाग परिसर में फेंके जाने जैसी गतिविधियां लगातार सामने आ रही हैं, जिससे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और शासकीय कार्य वातावरण प्रभावित हो रहा है।

वन विभाग ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि पांढुर्णा जिला बनने के बाद इसी परिसर में वनमंडल कार्यालय, वरिष्ठ वन अधिकारियों के कार्यालय तथा शासकीय आवास संचालित हो रहे हैं। ऐसे महत्वपूर्ण शासकीय परिसर के समीप अवैध अतिक्रमण और असामाजिक गतिविधियां न केवल प्रशासनिक व्यवस्था बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर चिंता का विषय हैं।

## सिवनी के पास बस पलटी, 30-40 यात्रियों को हल्की चोटें



**पांढुर्णा।** कल शाम यहां नागपुर से पीथमपुर जाने वाले डिस्ट्रिक कंपनी की बस ग्राम सिवनी के करीब अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। इस दुर्घटना में 30-40 लोगों को हल्की चोटें आने की सूचना मिली है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और दुर्घटना की छानबीन कर रही है। इस बस में 50 से जादा यात्रियों के सवार होने की जानकारी मिली जिसमें एक ही परिवार के 24 सदस्य शामिल थे। इन घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से स्थानीय शासकीय अस्पताल में ले जाया गया है जहां इनका उपचार जारी है। प्रशासनिक विभाग द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों के इलाज के लिए समुचित निर्देश दिए गए। यात्रियों को कमर, हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में हल्की चोटें पहुंचने की जानकारी मिली है।

## विशाल कांवड़ यात्रा 3 अगस्त को



**परासिया:** विशाल कावड़ यात्रा 3 अगस्त दिन सोमवार को श्री राम मंदिर परासिया से मां हिंगलाज माता मंदिर अम्बाड़ा तक जिसको लेकर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक में विधायक सोहनलाल बाल्मीकि विधानसभा प्रभारी राजीव तिवारी ब्लाक अध्यक्ष कमल राय नगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह नपाध्यक्ष चांदामेटा गोविंद बिजौलिया बडकुही नपाध्यक्ष भरत डेहरिया न्युटन नपाध्यक्ष अनपुमा राय उपाध्यक्ष हरि गुड्डा सुशील जायसवाल निसार खान गगन खंडूजा अलाउद्दीन खान महिला अध्यक्ष अंजली श्रीवास्तव पार्षद प्रतिभा सोनी महिला अध्यक्ष सावित्री वर्मा पार्षद पूनम कैथवास मंजू सोनी पुर्णिमा बेले रुक्मा बसोड गोविंद चौबे गुड्डू चौरसिया राजा दुबे दर्शन अरोरा सुरेश डेहरिया सागर बाबरिया मोनू ठाकुर राजा राय भावना साहू मनीष बैन मयंक दुबे आदि उपस्थित थे।

## डॉ.आम्बेडकर समाज समिति के दिलीप बने अध्यक्ष

**सौंसर।** डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर समाज प्रबोधन एवं उत्थान समिति की विशेष आम सभा एवं निर्वाचन बैठक रवीवार को संपन्न हुई। वर्ष 1984 में पंजीकृत संस्था अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्यरत है। समिति का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को शासन की मुख्य धारा से जोड़ना है। अपनी स्थापना के बाद से ही, विशेषकर 1985 से, समिति उन आदिवासी बहुल क्षेत्रों में माध्यमिक शालाएं संचालित कर रही है, जहाँ शासन की पहुंच नहीं थी। शिक्षा के प्रति समर्पित यह अभियान पिछले चार दशकों से निर्बाध रूप से जारी है। और समिति भविष्य में भी इसे निरंतर संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है।आज की बैठक में भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी देवेन्द्र बागडे की उपस्थिति में प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें दिलीप बागडे को अध्यक्ष चुना गया।अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष अशोक भगत कीर्ति सागर बागडे,सचिव चन्द्रभान बाकड़े, कोषाध्यक्ष श्रीमती तारकेश्वरी बोरकर, संयुक्त सचिव मदन बंसोड़ निर्वाचित हुए।

## सर्पदंश एवं आकाशीय बिजली से बचाव पर जागरूकता सत्र आयोजित



**हरिभूमि न्यूज हरई।** शासकीय महाविद्यालय हर्रई में सर्पदंश एवं आकाशीय बिजली से बचाव के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हर्रई तहसीलदार वाजपेई ने विद्यार्थियों को सर्पदंश एवं आकाशीय बिजली जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के आवश्यक, सुरक्षा के प्रभावी उपायों की विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में थोड़ी-सी सावधानी अपनाकर सर्पदंश एवं आकाशीय बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक रहें तथा अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी इन सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करें, जिससे जनहानि एवं दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एस. के. एस. यादव ने की। इस अवसर पर ए. के. यादव, शक्ति सिंगारे, दिलीप डेहरिया, श्रीमती प्रिया छाबड़ा, महेंद्र डेहरिया सहित महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने सुरक्षा संबंधी जानकारी को अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।इसके साथ ही प्रशासनिक सेवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये विस्तृत चर्चा गई।

## करियर मार्गदर्शन एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज हरई।** शासकीय महाविद्यालय हर्रई में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए करियर मार्गदर्शन एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर प्रेरणादायी मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हर्रई तहसीलदार बाजपेई ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को सिविल सर्विसेज, उप निरीक्षक (एसआई), पुलिस सेवा, शिक्षण तथा अन्य प्रतियोगी एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में करियर निर्माण की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।अपने संबोधन में हर्रई तहसीलदार बाजपेई ने विद्यार्थियों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रभावी अध्ययन के लिए शॉर्ट नोट्स तैयार करने की उपयोगी तकनीकों की जानकारी देते हुए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और निरंतर अभ्यास के महत्व पर विशेष बल दिया।उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी सजग रहने का संदेश दिया। चिंता, तनाव, अवसाद और भय जैसी मानसिक समस्याओं से बचाव के लिए सकारात्मक सोच, संतुलित जीवनशैली तथा आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह दी और आवश्यक मनोवैज्ञानिक उपायों पर भी प्रकाश डाला।हर्रई तहसीलदार बाजपेई ने विद्यार्थियों को केवल सरकारी नौकरी तक सीमित न रहने की सलाह देते हुए क्रिएटिव राइटिंग, कंटेंट क्रिएशन, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी तथा अन्य कौशल आधारित क्षेत्रों में उपलब्ध स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

## 31 श्रद्धालु कामाख्या देवी दर्शन के लिए हुए रवाना, भाजपा नेताओं ने दी सुखद यात्रा की शुभकामनाएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सौसर नगर से 31 श्रद्धालुओं का जत्था असम स्थित पवित्र कामाख्या देवी मंदिर के दर्शन के लिए रवाना हुआ। शनिवार, 11 जुलाई 2026 को नगर पालिका परिसर में इन तीर्थ यात्रियों के लिए एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। नगर से रवाना होने वाले यात्रियों का पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा डागा, पार्षद एवं सभापति रविशंकर धुर्वे, मनोनीत पार्षद दिनेश भकने, भाजपा के वरिष्ठ नेता इंद्रचंद डागा, दिलीप हेडाऊ और दिगंबर वरुड़कर ने फूल-मालाएं पहनाकर और गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।तीर्थ यात्रा पर निकले यात्रियों ने मुख्यमंत्री और भाजपा सरकार का हृदय से आभार व्यक्त किया। यात्रियों ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के कारण ही उन्हें कामाख्या देवी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो पा रहा है, जिसके लिए वे शासन के ऋणी हैं।इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़ ने कहा कि भाजपा सरकार की यही विशेषता है कि वह बिना किसी भेदभाव के सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करती है।

## श्री जगन्नाथ रथयात्रा का सौंसर में होगा आयोजन

**सौंसर।** नगर के लिए यह ऐतिहासिक अवसर होगा। अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) उज्जैन की प्रेरणा से और इस्कॉन छिंदवाड़ा के नेतृत्व में सौंसर में पहली बार श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 19 जुलाई को आयोजित होने वाली यह भव्य रथयात्रा नगरवासियों के लिए भक्ति का एक विशेष अनुभव लेकर आएगी। आयोजन समिति ने बताया कि रथयात्रा रविवार, 19 जुलाई को नगर के साईं मंदिर चौक से गाजे-बाजे और भक्तिमय वातावरण में शुरू होगी। यह रथयात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगी, जिसमें बस स्टैंड, विठ्ठल मंदिर सहित प्रमुख स्थान शामिल हैं। रथयात्रा का समापन महात्मा ज्योतिबा फुले हॉल में होगा।महात्मा ज्योतिबा फुले हॉल में रथयात्रा के पहुँचने पर भक्ति का मुख्य कार्यक्रम संपन्न होगा। यहाँ प्रभु श्री जगन्नाथ, बलदेव जी एवं सुभद्रा महारानी को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद भव्य महाआरती होगी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 256 ग्रामीणों ने लिया लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल, परासिया महाकौशल प्रांत के सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार, 11 जुलाई 2026 को जुन्नारदेव प्रखंड के ग्राम डोरली स्थित शासकीय हाई स्कूल भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में शासकीय अस्पताल, लायंस क्लब आई हॉस्पिटल तथा कार्तिक उरांव हॉस्पिटल, परासिया के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान ग्रामीणों की नेत्र जांच, रक्तचाप (बी.पी.), शुगर सहित विभिन्न रोगों की जांच की गई तथा आवश्यक औषधियों का निःशुल्क वितरण भी किया गया।

शिविर में कुल 256 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया।शिविर मे चिकित्सक श्री शुभम जैस्वाल,डा श्री इरशाद कुरैशी एवं सैक्टर प्रभारी श्री धनीराम सोनी, चिकित्सा विभाग की सैफ खान ,वर्षा राठौर, सचिन राय, राजकुमार बघेल, कपिल भलावी,कृष्णा विश्वकर्मा, श्रीमती रेखा सहारे, श्रीमती ममता तेडाम़,सुश्री मेहजबीन खान, कल्पना वासनिक,मीना बेलवंशी,कविता सूर्यवंशी, दुर्गा बंदेवार,रजनी कुमरे,अनिता सूर्यवंशी,किरण यदुवंशी आदि ने अपनी अथक सेवाएं प्रदान कीविश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री श्री राधेश्याम यदुवंशी एवं बजरंग दल जिला संयोजक श्री अक्षय सैंगर ने बताया कि सेवा सप्ताह का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा, स्वास्थ्य एवं जागरूकता का लाभ पहुंचाना है।

उन्होंने शिविर में सहयोग देने वाले सभी चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया एवं सामाजिक समरसता प्रमुख श्री सुरेश कुमार सोनी ने सफलतापूर्वक शिविर के समापन हेतु सहयोगी कार्यकर्ताओं ,संस्थाओं एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

# ज्योति ईश्वर उमरे ने किसान कांग्रेस संगठन विस्तार का किया स्वागत, किसानों के हितों की लड़ाई को मिलेगी नई धार

### लांजी की संगठनात्मक बैठक में जिला अध्यक्ष पटेल ने सौंपी नई जिम्मेदारियां, नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज लांजी।

किसान कांग्रेस की संगठनात्मक मजबूती को लेकर लांजी में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक के बाद जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस नेत्री श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे ने किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भूरू पटेल के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि संगठन के विस्तार और समर्पित कार्यकर्ताओ को नई जिम्मेदारियां सौंपने का निर्णय किसानों के हितों की लड़ाई को नई गति देगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल लांजी ही नहीं, बल्कि पूरे बालाघाट जिले में किसान कांग्रेस को और अधिक सशक्त बनाएगी।

श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे ने जिला अध्यक्ष भूरू पटेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने की उनकी सोच और कार्यकर्ताओं पर जताया गया विश्वास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए संगठन का जमीनी स्तर तक सशक्त होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से योग्य और सक्रिय कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारियां सौंपना एक सकारात्मक कदम है। बैठक के दौरान बुधराम देवगडे को किसान कांग्रेस का जिला उपाध्यक्ष एवं लांजी प्रभारी, सोनू श्रीवास्तव को जिला महासचिव तथा मानिक पाचे को किसान कांग्रेस लांजी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ज्योति उमरे ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

कांग्रेस नेत्री ज्योति ईश्वर उमरे ने कहा कि किसान कांग्रेस का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन तक पहुंचाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला अध्यक्ष भूरू पटेल के मार्गदर्शन में नवनियुक्त पदाधिकारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किसानों के बीच कार्य करेंगे तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष को और मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही किसानों की ताकत है और सभी कार्यकर्ताओ को एकजुट होकर गांव-गांव तक पहुंचते हुए किसान हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई टीम किसान कांग्रेस को नई पहचान दिलाने के साथ किसानों के विश्वास पर भी पूरी तरह खरी उतरेगी।

## अतिथि शिक्षकों ने विधायक विवेक विक्की पटेल को सौंपा ज्ञापन

# घोषणा के बाद शिक्षकों की मांग पूरी करने भाजपा सरकार असफल-विवेक पटेल



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा अतिथि शिक्षकों की महापंचायतों में की गई घोषणा को पूरा नहीं करने सहित विभिन्न मांगो को लेकर रविवार को अतिथि शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह के नाम विधायक विवेक विक्की पटेल को उनके जनसंपर्क कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।वहीं विधायक विवेक पटेल ने कहा कि अतिथि शिक्षक मेहनत करके बच्चों को अच्छी शिक्षा दे रहे है।बच्चों को पढ़ा रहे है। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने महापंचायत बुलाकर घोषणा के माध्यम से शिक्षकों से वादा किए थे।जो आज तक पूरा नहीं किए है। मै इनकी मांगो को विधानसभा सत्र के दौरान ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठा कर सरकार को जगाने का प्रयास करूंगा और सरकार से मांग करूंगा कि अतिथि शिक्षकों को नियमित किया जाए। इस दौरान अध्यक्ष संजय राणा, रविन्द्र उरकुडे, गोपीचंद शरणागत, देवेंद्र पंचेश्वर, मोहित बिसेन, सचिन घोले,जयप्रकाश पटले, दिलीप पटले, मुनेंद्र बोरकर, चुन्नीलाल बिसेन, श्रीमती दीपकला राहंगडाले, स्वाति पटले,भूमिका लिल्हारे सहित शिक्षकगण मौजूद रहे।

विदित हो कि महापंचायत के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने घोषणा में कहा था कि अनुभवी अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए वरिष्ठता के आधार पर संविदा शिक्षकों को नियमित किया जाएगा। मगर अभी तक आदेश जारी नहीं हुआ हुआ। वहीं शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह द्वारा अतिथि शिक्षक के स्कोर कार्ड के अंक 25 से घटाकर 20 कर दिया गया। जब विधानसभा में प्रश्न काल के माध्यम से उत्तर पूछा गया, तो यह बताया गया कि हमने 20 अंक बोनस के रूप में दिए है। जबकि 20 अंक बोनस की बात उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार सीधी भर्ती के महापंचायत की घोषणा में की गई थी, इस घोषणा से भी मुकर गए। वही विभागीय परीक्षा लेकर गुरुजी की तर्ज पर एक नीति बनाकर नियमितीकरण की घोषणा की गई थी।जो आज तक पूरी नहीं हुई है।

शिक्षक महेंद्र बोरकर ने बताया कि 2 सितम्बर 2023 को भाजपा की सरकार ने जो अतिथि शिक्षकों के हित में जो घोषणा की थी। वो घोषणा आज तक पूरा नहीं किया गया है। अतिथि शिक्षकों को नियमित कर्मचारियों के समान अवकाश,सामाजिक सुरक्षा एव दुर्घटना बीमा की सुविधा आज तक प्रदान नहीं की गई, बढ़ती महंगाई के अनुरूप मानदेय वृद्धि एवं अतिथि शिक्षकों को सम्मानजक पदनाम प्रदान करने के शासन की वर्तमान नीति एवं समय सीमा तय नहीं है। प्रदेश के हजारों अतिथि शिक्षकों का भविष्य सम्मान एव समाजिक सुरक्षा से जुड़े है।हम चाहते हैं कि प्रदेश सरकार हम अतिथि शिक्षकों को मांग को पूरा करे।

## सीटें फुल होने से बढ़ी छात्रों की चिंता, बीए और बीएससी में सीट वृद्धि की उठी मांग, विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज लाँजी ।

शासकीय महाविद्यालय लांजी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बी.ए. एवं बी.एससी. संकाय की सभी निर्धारित प्रवेश सीटें भर जाने के बाद बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रवेश से वंचित रह गए हैं। इसे लेकर विद्यार्थियों ने जनप्रतिनिधियों से हस्तक्षेप की मांग करते हुए सीटों की संख्या बढ़ाने का अनुरोध किया है। इस संबंध में 12 जुलाई को विद्यार्थियों द्वारा लांजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। छात्रो ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अनेक पात्र छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में दाखिला नहीं मिल सका। यदि समय रहते सीटों में वृद्धि नहीं की गई तो कई विद्यार्थियों का पूरा शैक्षणिक वर्ष प्रभावित हो सकता है। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा जारी रखने का संकट खड़ा हो गया है।

विद्यार्थियों ने आग्रह किया है कि छात्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शासकीय महाविद्यालय लांजी में बी.ए. एवं बी.एससी. संकाय की सीटों में यथाशीघ्र वृद्धि कराई जाए, ताकि सभी पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर मिल सके। उनका कहना है कि सीटें बढने से न केवल छात्रों का भविष्य सुरक्षित होगा, बल्कि उच्च शिक्षा से वंचित होने की आशंका भी समाप्त होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई लांजी से ऋषभ भाथरे, कमलेश गुर्दे, वैभव नगपुरे, आयुष कुन्घाड़कर सहित अनेक छात्र उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने उम्मीद जताई है कि जनप्रतिनिधि इस मांग को शासन और उच्च शिक्षा विभाग के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाएंगे, जिससे जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जा सके। महाविद्यालय में सीटों की कमी का मुद्दा अब क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण विषय बन गया है। छात्रों का कहना है कि बढ़ती छात्र संख्या के अनुरूप प्रवेश क्षमता में वृद्धि समय की आवश्यकता है, ताकि किसी भी पात्र विद्यार्थी को केवल सीटों के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित न होना पड़े।

# ग्राम मोहगांव खुर्द में विशाल रक्तदान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

### एक पेड़ मां के नाम के तहत 300 पौधे लगाए गए

हरिभूमि न्यूज किरनापुर ।

विकासखण्ड किरनापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मोहगांव खुर्द में मानवता और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक ऐतिहासिक त्रिआयामी कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। रक्तदान-महादान, मानवता के नाम के मूल मंत्र और प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान को धरातल पर उतारने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा इस विशेष पहल की रूपरेखा तैयार की गई । इस भव्य -कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत परिसर में विशाल रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सुबह 11बजे से लेकर 05बजे तक लोगों का भारी उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत किरनापुर के अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह द्वारा

की गई। इसके साथ ही जनपद पंचायत किरनापुर के उपाध्यक्ष भुवनभाऊ राहंगडाले एवं जनपद पंचायत के सभापति योगराज भास्कर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

युवाओं और समाजसेवियों में रक्तदान को लेकर उत्साह देखा गया। शिविर में मानवता का फर्ज निभाते हुए निम्नलिखित रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया, जिनका रक्त जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक को समर्पित किया गया। जिसमें अंकित कुमार टेम्भरे, सरोज वैद्य, चंदन लाल शरणागंत, दीपक बोरकर, फुलेश्वर बिसेन, अंकुश पंचभावे, शौकत अली, जगदीश मानेश्वर, गौरव बूर्डे, उमाशंकर राहंगडाले, संतोष बिसेन, जितेन्द्र पारधी, रेवाराम शेन्डे, मिथुन कुमार छिपिये, सुरेश सूर्यवंशी, श्यामू पांचे, रवीन्द्र तरवरे, राजू मदनकर, किशोर पांचे, नंदकिशोर बिसेन, संदीप लांजेवार, रवि राहंगडाले, यदुश्याम पटले, गोपाल कावरे, सुनील मानेश्वर, पंकज गनवीर, उमाशंकर बघेले, भीकचंद करकाड़े, रवीन्द्र पटले एवं अमरकांत बिसेन।शिविर में मिलीं ये निःशुल्क सुविधाएं

ग्राम पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा क्षेत्रवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श व दवाइयां दी गई। इसके साथ ही पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के लिए अतिथियों और ग्रामीणों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत औषधी व छायादार पौधों का रोपण भी किया गया।

ग्राम पंचायत मोहगांव खुर्द की सरपंच श्रीमती योगिता/रविन्द्र तरवरे, उपसरपंच पवन पारधी, सचिव श्यामू पांचे, सहायक सचिव रेखा पटले सहित समस्त पंचगण एवं सजग ग्रामवासियों का योगदान रहा। आयोजक मंडल ने सभी अतिथियों, डॉक्टरों की टीम और विशेष रूप से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। प्रेरणादायी कदम से उपस्थित युवाओं एवं ग्रामीणों में भी रक्तदान के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला।

## मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण प्रबंधन को लेकर स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा कुपोषण की रोकथाम के उद्देश्य से शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त कार्यशाला सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के निर्देशन में संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री देवेन्द्र सुंद्रियाल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज महाजन, बीएमओ डॉ. शुभम सैयाम, प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री संजय तुरकर, ग्रामीण सीडीपीओ श्री शैलेन्द्र चौकसे, अर्बन सीडीपीओ अनुपमा मेरावी, एपीएम श्री संजय मानेश्वर, प्रभारी बीपीएम रामप्रसाद शरणागत सहित स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ईडब्ल्यूएस कोटा की 21 रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु संस्था स्तरीय काउंसलिंग आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय सिवनी के प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में संचालित 10वीं उत्तीर्ण अर्हकारी परीक्षा आधारित विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षित 21 रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु संस्था स्तरीय काउंसलिंग (सीएलसी) का आयोजन आज 13 जुलाई 2026, सोमवार को किया जाएगा।
प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को सीएलसी पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन उपरांत अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को प्रातः 10.30 बजे से अपराह्न 1 बजे तक समस्त आवश्यक मूल प्रमाण-पत्रों सहित शासकीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय सिवनी में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी मोबाइल नंबर 9329937239 एवं 6260272805 पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर संस्था स्तरीय काउंसलिंग में भाग लेने की अपील की गई है।

### श्री हनुमंत कथा एवं दिव्य महादरबार का होगा पंचदिवसीय आयोजन, 15 जुलाई से शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर कहानी में पहली बार पूज्य आचार्य संत श्री बृज बिहारी जी महाराज के सानिध्य में पंचदिवसीय श्री हनुमंत कथा एवं दिव्य महादरबार का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन नगरवासियों के सहयोग से आयोजित होगा, जिसे लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, उत्साह और उमंग का वातावरण बना हुआ है।
आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ 15 जुलाई को दोपहर 12 बजे भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विभिन्न देवस्थानों पर पूजन-अर्चन करेगी और इसके बाद आयोजन स्थल संतोषी माता मंदिर परिसर, अस्पताल के सामने, नगर कहानी पहुंचेगी।
कलश यात्रा के उपरांत प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आचार्य संत श्री बृज बिहारी जी महाराज के श्रीमुख से श्री हनुमंत कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा के माध्यम से भगवान श्री हनुमान जी के आदर्श, भक्ति, पराक्रम एवं धर्म के संदेश का विस्तृत वर्णन किया जाएगा। कथा के साथ ही प्रतिदिन दिव्य महादरबार का भी आयोजन होगा, जिसमें महाराज श्री श्रद्धालुओं की पर्ची निकालकर उनकी समस्याओं का समाधान व्यासपीठ से बताएंगे। इस दिव्य दरबार को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति ने नगर सहित आसपास के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# EOW की कार्रवाई ने साबित किया अध्यक्ष का निर्णय सही था: अब दूध का दूध, पानी का पानी होगा: मीना गोल्हानी

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया लखनादौन।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) की गाडरवारा और लखनादौन में हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद नगर परिषद लखनादौन की अध्यक्ष श्रीमती मीना बलराम गोल्हानी ने पहली बार खुलकर मोर्चा खोला है। अध्यक्ष का कहना है कि EOW की यह कार्रवाई उनके द्वारा पूर्व में उठाए गए सवालों का प्रामाणिक जवाब है।

### महिला अध्यक्ष होने के बाद भी कराई गई थी दुर्भावनापूर्ण FIR

श्रीमती गोल्हानी ने आरोप लगाया कि पूर्व में नगर परिषद के राजस्व और दुकानों से जुड़े वैधानिक निर्णयों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। उनका दावा है कि परिषद के हित में कॉर्नर दुकान को नगर परिषद के स्वामित्व में लेने और बीच वाली दुकान के स्थल परिवर्तन का प्रस्ताव PIC से नियमानुसार पारित किया गया था। इसी को आधार बनाकर उनके और PIC के सभापतियों के विरुद्ध गलत तथ्यों के साथ एफआईआर दर्ज कराई गई। अध्यक्ष ने कहा पूर्व में मेरे विरुद्ध रचे गए षड्यंत्रों का जवाब अब जांच से मिल रहा है। दूध का दूध और पानी का पानी होगा।

### 2017 से 2020 तक 1.58 करोड़ के कथित गबन का मामला जांच में



EOW की कार्रवाई का हवाला देते हुए अध्यक्ष ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2019-20 के बीच नगर परिषद में 1,58,39,794 के वित्तीय गबन का मामला उजागर हुआ है। यह आंकड़ा संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, जबलपुर के पत्र दिनांक 14.10.2020 द्वारा प्रमाणित है।
अध्यक्ष के अनुसार इसी अवधि में वित्त विभाग के निर्देश पत्र क्र. 656/527/2000/सी/चार दिनांक 28/3/2000 का उल्लंघन कर नियुक्तियों में प्रति कर्मचारी 40,000 से 20 लाख तक अवैध वसूली कर नियमितीकरण किए जाने के आरोप भी हैं। EOW सूत्रों के अनुसार कार्रवाई में गाडरवारा और लखनादौन में आलीशान भवन, कमर्शियल प्लॉट, थार गाड़ी, नकदी और आभूषण बरामद किए गए हैं। इससे आय से अधिक संपत्ति के एंगल से भी जांच आगे बढ़ रही है।

### शिकायतों के बाद ही भेजी थी स्थानांतरण की अनुशंसा

अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि उनके कार्यकाल में तत्कालीन CMO योगेंद्र सिंह धीमोले की कार्यप्रणाली को लेकर नगरवासियों की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। अनियमितता और जनसामान्य से दुर्व्यवहार के आरोपों के बाद PIC की बैठक में प्रस्ताव पारित कर शासन को स्थानांतरण की अनुशंसा भेजी गई थी।
उल्लेखनीय है कि प्रभारी CMO योगेंद्र कुमार डिमोले को पूर्व में ही आदेश क्रमांक 251/न.परि./स्था./2020 दिनांक 02/09/2020 के तहत रिकॉर्ड गायब करने और वित्तीय अनियमितता के आरोप में निलंबित किया जा चुका है।

### विकास से बौखलाए विरोधी, छवि खराब करने की साजिश

श्रीमती गोल्हानी ने कहा कि यदि पूर्व परिषद के कार्यकाल में करोड़ों की कथित अनियमितताओं की जांच हो रही है तो यह इस बात का प्रमाण है कि वर्तमान परिषद पारदर्शिता और जवाबदेही से काम कर रही है। उन्होंने कहा मैं एक धार्मिक एवं ईमानदार परिवार की पुत्रवधू हूं। मेरे लिए लखनादौन नगर का गुणवत्तापूर्ण विकास और जनता जनार्दन सर्वोपरि है। मेरा उद्देश्य पहले दिन से ही दहशत और भ्रष्टाचार को समाप्त करना है। अगर मैं ही भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दूंगी तो मुझमें और पूर्व की परिषद में क्या फर्क रह जाएगा। जनता ने परिवर्तन के लिए जनादेश दिया है और वह हमारे कार्यों में दिखना चाहिए।

### EOW से निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग

अध्यक्ष ने EOW से मांग की कि प्रकरण की निष्पक्ष, व्यापक और समयबद्ध जांच हो। यदि जांच में बेनामी संपत्ति, अवैध लेन-देन या अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाए।

### अंत में उन्होंने कहा कि लखनादौन की जनता

भ्रष्टाचार-मुक्त और जवाबदेह प्रशासन चाहती है। नगर परिषद अपने संकल्प पर अडिग है और भविष्य में भी जनहित में कोई समझौता नहीं होगा। समाचार में उल्लेखित तथ्य, आंकड़े और आरोप शिकायतकर्ताओं, अध्यक्ष के कथन एवं शासकीय पत्रों पर आधारित हैं। अंतिम निर्णय जांच एजेंसी और माननीय न्यायालय के अधीन है।

## डुण्डासिवनी पुलिस ने किया अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश

# 5 शातिर आरोपी गिरफ्तार, सभी भेजे गए जेल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं SDOP सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना डुण्डासिवनी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।
दिनांक 29.06.2026 को प्रार्थिया रजनी पति अनिल पंचेश्वर, निवासी ड्रीम लैण्ड सिटी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह परिवार सहित मैहर दर्शन गई थी। इसी दौरान अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़कर सोना-चांदी एवं नगद रुपये चोरी कर लिए गए। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना डुण्डासिवनी में अपराध क्रमांक 342/2026 धारा 331(4), 305(A) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।



पुलिस कार्रवाई एवं खुलासा
थाना प्रभारी निरीक्षक चैनसिंह उइके के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी प्रारंभ की गई। मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया, संदेहियों से पूछताछ की गई एवं घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से विश्लेषण किया गया। तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर 05 संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। कड़ी पूछताछ में सभी आरोपियों ने डुण्डासिवनी क्षेत्र में घटित 04 चोरी एवं कोतवाली क्षेत्र में घटित 01 चोरी सहित कुल 05 चोरी की घटनाएं करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का सम्पूर्ण मशरूका जप्त किया गया।
गिरफ्तार आरोपी 1. आमिर पिता शफीक खान, उम्र 22 वर्ष, निवासी अशोक वार्ड, थाना कोतवाली 2. आशीष पिता सुधीर वास्त्री, उम्र 33 वर्ष, निवासी विवेकानंद वार्ड, थाना कोतवाली 3. अमन पिता हरिकिशन चौहान, उम्र 19 वर्ष, निवासी मंगलीपेठ, थाना कोतवाली 4. इरशाद पिता जब्बार खान, उम्र 32 वर्ष, निवासी गुरुनानक वार्ड, थाना कोतवाली 5. अंकित पिता नेमीचंद सिहोसे, उम्र 26 वर्ष, निवासी ड्रीमलैण्ड सिटी, थाना डुण्डासिवनी सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर सभी को जिला जेल सिवनी भेजा गया।

### सराहनीय भूमिका

इस कार्यवाही में निरीक्षक चैनसिंह उइके के नेतृत्व में सउनि निसार खान, सउनि बालकृष्ण त्रिगाम, प्र.आर. नितेश राजपूत, संजय यादव, योगेन्द्र चौहान, रणजीत पटले, संजू उइके, आर. आशीष ठाकरे, रवि धुर्वे, रघुराज यादव, धनराज बरकडे, हिमेन्द्र सहारे, मोहसीन आजमी, नीरज दुबे, अजय मिश्रा, खिलेन्द्र गौतम की सराहनीय भूमिका रही।

# कालीमाटी जंगल में मिला वयस्क बाघ का शव

## आपसी संघर्ष में बाघ की मौत की आशंका, वन विभाग की टीम ने शुरू की जांच

**केवलारी। वन परिक्षेत्र केवलारी के अंतर्गत आने वाले ग्राम कालीमाटी से लगे जंगल में एक वयस्क बाघ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बाघ का शव मिलने की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला सक्रिय हो गया और मौके पर फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वॉड सहित वरिष्ठ अधिकारी पहुंच गए।**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**



वन विभाग की टीम ने घटनास्थल को घेराबंदी कर सुरक्षित कर लिया है। प्रारंभिक जांच में बाघों के आपसी संघर्ष को मौत का कारण माना जा रहा है, हालांकि वन विभाग द्वारा सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।
मौके पर मौजूद अधिकारियों द्वारा बाघ की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। यह प्राकृतिक मौत है, आपसी संघर्ष का परिणाम है या फिर किसी अन्य कारण से बाघ की मृत्यु हुई है, इसका खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा।
वन विभाग द्वारा राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार बाघ के शव का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत निर्धारित प्रक्रिया के तहत बाघ का अंतिम संस्कार किया गया। बाघ की मौत की खबर मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों एवं वन्यजीव प्रेमियों में चिंता का माहौल देखा गया। वन विभाग के अधिकारी फिलहाल किसी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रहे हैं और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

शासकीय महाविद्यालय बरघाट में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा वृक्षारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण का संदेश देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.एल. इनवाती ने की। मुख्य वक्ता समाजसेवी एवं पर्यावरणविद् शरद सिंह कुमरे ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा वृक्षों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। विशिष्ट वक्ता श्री सूर्यप्रताप सिंह कुमरे ने जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा हरित जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव है और युवाओं को इस दिशा में जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।
कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं अतिथियों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।
अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. बी.एल. इनवाती ने कहा कि वृक्षारोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों का संरक्षण और संवर्धन भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया।कार्यक्रम में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप त्रिवेदी, प्रो. संगीता उइके, डॉ. आरती भीमटे एवं प्रो. छत्रपाल जाटव सहित महाविद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।
कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों प्रियांशु राहंगडाले, लक्ष्मी शरणागत, मोनिका शरणागत, गायत्री ठाकरे, दीपक राहंगडाले, धीरज राहंगडाले, लोकेश हुमनेकर, शुभम गोमेश्वर, स्नेहा चौहान, तरुण कुमार, डाली भारद्वाज, प्राची ठाकुर एवं अन्य स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### युवा स्वाभिमान मिशन के तहत साईक्लोथॉन का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार जन सरोकार एवं युवाओं की आवाज को लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण ढंग से बुलंद करने के उद्देश्य से युवा स्वाभिमान मिशन के तहत साईक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 14 जुलाई को इंदौर से प्रारंभ होकर 15 जुलाई 2026 को भोपाल में समाप्त होगा। भोपाल में सभी युवा एवं कांग्रेस जन, मुख्यमंत्री निवास के घेराव के लिए कूच करेंगे। इस अभियान का उद्धेश्य समाज को जागृत करना लोकतंत्र की रक्षा, युवाओं के भविष्य की रक्षा एवं भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी भाजपा सरकार को जगाने के लिए एवं सत्ता शासन को जनहितैषी कार्य करने के लिए बाध्य करना। जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को दोपहर 2 बजे अपने साथियों सहित अनिवार्य रूप से भोपाल पंहुचने हेतु अपील की है।

# हरिभूमि खबर का असर: 24 घंटे में प्रशासन की कार्रवाई, कृष्णा पब्लिक स्कूल की जांच

**केवलारी/पलारी (सिवनी)।** पलारी स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल मैरा में छात्रों की मार्कशीट एवं टीसी रोके जाने की शिकायत पर प्रकाशित समाचार के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया। कलेक्टर के निर्देश पर गठित जांच दल ने 11 जुलाई को विद्यालय पहुंचकर दस्तावेजों की जांच की और शिकायतों की पड़ताल की।




जांच दल ने विद्यालय के परीक्षा परिणाम, आरटीई अभिलेख एवं अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान संबंधित छात्रों की टीसी एवं लंबित मार्कशीट मौके पर ही अभिभावक को उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन को नियमों के पालन के निर्देश देते हुए आवश्यक दस्तावेज जब्त कर जांच आगे बढ़ाने की बात कही।
शिकायतकर्ता अभिभावक ने कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रशासन एवं मीडिया का आभार जताया। वहीं जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।













## कामाख्या तीर्थ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

# तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर श्रद्धालुओं को दी गई आत्मीय विदाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सिवनी जिले के श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार को कामाख्या तीर्थ यात्रा के लिए श्रद्धा एवं उत्साह के वातावरण में रवाना हुआ। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उनके सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय तीर्थ प्रवास की कामना के साथ विदाई दी गई। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा तीर्थ यात्रा की समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पंजीयन, आवागमन, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंध किया गया।
मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत इस वर्ष सिवनी जिले से कुल 196 श्रद्धालु कामाख्या धाम की यात्रा पर रवाना हुए हैं। यह यात्रा 11 जुलाई से 16 जुलाई 2026 तक आयोजित की जा रही है। शासन द्वारा यात्रियों को निर्धारित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे वे श्रद्धापूर्वक तीर्थ दर्शन का लाभ प्राप्त कर सकें। रवानगी के अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगलमय तीर्थ दर्शन की कामना की। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर उपलब्ध कराने के लिए मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, नगरपालिका अध्यक्ष शङ्खानचंद सनोडिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं श्रद्धालुओं के परिजन उपस्थित रहे।



## भाजपा संगठन प्रभारी विधायक अशोक रोहाणी का हुआ आत्मीय स्वागत



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

जिले के भाजपा संगठन प्रभारी एवं जबलपुर कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी का सिवनी प्रवास के दौरान आत्मीय स्वागत किया गया। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल होने के पूर्व विधायक रोहाणी नगर के बारापत्थर स्थित भाजपा जिला सह कार्यालय मंत्री एवं पूर्व पार्षद अलकेश रजक के निवास पर पहुंचे।इस अवसर पर अलकेश रजक द्वारा विधायक अशोक रोहाणी का पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही पूर्व पार्षद डॉ. रमेश सुलखिया एवं रांझी क्षेत्र के पार्षद दामोदर सोनी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष संजय पप्पू सोनी, वीरेंद्र श्रीवास्तव, पूर्व नगर महामंत्री अनूप मिश्रा, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ मीडिया प्रभारी एवं पत्रकार राकेश मालवीय, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शुभम राजपूत, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मनोज गौतम, सत्यम सूर्यवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विधायक अशोक रोहाणी का स्वागत कर संगठनात्मक मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## जनपद सदस्य से लेकर ठेकेदार तक की मिलीभगत, प्रशासन बना मूकदर्शक

# 415 लाख की सड़क निर्माण में अवैध खनन का खेल!

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील में एक सड़क के निर्माण यानी विकास कार्य की आड़ में अवैध खनन, भ्रष्टाचार और राजनीतिक संरक्षण का गंदा खेला जा रहा है। पूरा मामला 5.30 किलोमीटर लंबे परसवाड़ाघाट सावरगांव-हथोड़ा सड़क के निर्माण से जुड़ा हुआ है। 415 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इस सड़क में तय मानक और अनुमति को ताक पर रखकर अवैध तरीके से मुरूम का खनन कर उपयोग किया जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे खेल में जनप्रतिनिधि और ठेकेदार की मिलीभगत नजर आ रहे हैं। मई 2026 में इस सड़क का भूमिपूजन समारोह बड़े धूमधाम से हथोड़ा में हुआ था। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि थे। उनके साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष कविता देशमुख, जिला पंचायत सदस्य सुश्री प्रियंका परते, जनपद सदस्य मनोज बोपचे और कई गांवों के सरपंच मौजूद थे। विधायक गौरव सिंह पारधी ने भूमिपूजन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा था ष्यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र की आवागमन सुविधा को सुदृढ़ करेगा और ग्रामवासियों को बेहतर संपर्क मार्ग उपलब्ध कराएगा।



ग्रामीणों की शिकायत पर रविवार को जब मौके पर पहुंचे तो किसान सेवकराम मालदे के खेत का नजारा देखकर होश उड़ गए। खेत में करीब आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर खड़े थे और 2 जेसीबी मशीन मिट्टी और मुरूम खोद रही थी। जनपद सदस्य मनोज बोपचे खुद मौके पर मौजूद थे और खनन कार्य का संचालन कर रहे थे। खेत में 7 फिट से भी अधिक गहरे गड्ढे हो चुके थे। जब सवाल किया तो जवाब मिला किसान के खेत का सुधार किया जा रहा है। लेकिन 7 फीट गहरे गड्ढे देखकर साफ लग रहा था कि यह सुधार नहीं बल्कि अवैध खनन है। इसी मुरूम को ट्रेक्टरों में भरकर परसवाड़ाघाट हथोड़ा सड़क निर्माण में डाला जा रहा है। इस मामले में सबसे गंभीर पहलू है जनपद सदस्य की भूमिका। सड़क निर्माण का भूमिपूजन करने वाले विधायक गौरव सिंह पारधी के कार्यक्रम में मौजूद जनपद सदस्य मनोज बोपचे पर सीधा आरोप है कि वे खुद अवैध खनन करवा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार मोतीलाल राय और जनपद सदस्य की मिलीभगत से यह खनन हो रहा है। सरकारी सड़क के नाम पर सरकारी पैसा लिया जा रहा है, लेकिन निर्माण सामग्री अवैध तरीके से किसान के खेत से निकाली जा रही है। जहां सड़क बन रही है रविवार को वहां पर 114 ट्रेक्टर ट्राली मुरूम किनारे में रखा था जबकि इससे भी अधिक की संख्या में मुरूम बिछाई जा चुकी थी।

रविवार को इस अवैध खनन की शिकायत तहसीलदार गीता राहंगडाले से दूरभाष पर की गई तो वह आउट ऑफ सिटी है। उन्होंने तिरोड़ी थाना पुलिस को सूचना देने की बात कहीं। वहीं खनिज निरीक्षक शुभम बोपचे ने बताया कि वह लांजी में हैं। शाम करीब 5 बजे तिरोड़ी थाने से एक सहायक उप निरीक्षक और एक आरक्षक मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक सभी ट्रैक्टर और जेसीबी मशीन मौके से हटाई जा चुकी थी। खेत में सिर्फ गहरे गड्ढे और मुरूम के निशान बचे थे। पुलिस ने जब खेत में मौजूद खेत मालिक, जेसीबी मालिकों और ट्रेक्टर मालिकों से पूछा कि क्या खनन की अनुमति ली गई है तो बताया गया कि कोई अनुमति नहीं ली गई। बता दें कि खनिज अधिनियम के तहत बिना अनुमति किसी भी प्रकार का खनन करना दंडनीय अपराध है। इसमें जुर्माना और जेल दोनों का प्रावधान है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग के मैनुअल में भी स्पष्ट है कि सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली सभी सामग्री वैध स्त्रोत से खरीदी जाए और उसके बिल प्रस्तुत किए जाएं। लेकिन यहां न अनुमति है, न रॉयल्टी, न बिल। सिर्फ राजनीतिक ताकत और प्रशासनिक उदासीनता के सहारे अवैध कारोबार चल रहा है।

बहरहाल, यह मामला सिर्फ खनन का नहीं है। यह सवाल उस पूरी व्यवस्था का है जिसमें जनप्रतिनिधि खुद कानून तोड़ रहे हैं। जिस सड़क का भूमिपूजन विधायक ने किया, उसी सड़क के निर्माण में भ्रष्टाचार हो रहा है। जिस जनपद सदस्य के सामने विधायक ने विकास की बातें कीं, वहीं विधायक का करीबी जनपद सदस्य अवैध खनन करवा रहा है। क्या विधायक गौरव सिंह पारधी इस मामले की जांच कराएंगे? या फिर सब कुछ लीपापोती कर दिया जाएगा? ग्रामीणों का कहना है कि अब देखना है कि जिला प्रशासन और पुलिस इस मामले में कितनी गंभीरता दिखाती है, या फिर इस मामले को भी दबा दिया जाता है।

## पराह लगाने जा रहीं महिलाओं की पिकअप पलटी, मचा हड़कंप, दो दर्जन घायल!



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

बालाघाट के रामपायली थाना क्षेत्र में ग्राम पुनी-बटरमारा पुलिया के बीच बोलेरो पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 20 से 25 खेतीहर मजदूर घायल हो गए।

घायलों में 7 से 8 की हालत गंभीर है, जिनमें अधिकतर महिलाएं शामिल हैं। हादसे के बाद करीब 18 मजदूरों को बालाघाट जिला अस्पताल लाया गया है।

घटना तकरीबन सुबह 9 से 10 बजे के बीच की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद रामपायली पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल भिजवाया। बताया जाता है कि वर्तमान में चल रहे खेती के कार्य के चलते मजदूरों को वाहन में भरकर लाया जा रहा था। इस तरह के ओवरलोडिंग पर परिवहन और यातायात विभाग की कथित लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं।

खेती में बुवाई और कटाई के दौरान मजदूरों को गांवों से इसी तरह भरकर लाया जाता है। गांवों में मजदूरों के पलायन के कारण किसानों को स्थानीय स्तर पर मजदूर उपलब्ध नहीं हो पाते, जिसके चलते उन्हें दूर-दराज से मजदूरों को लाना पड़ता है।

## ग्राम कलकत्ता में महिला पर हमला

**बालाघाट**। बालाघाट के किरनापुर थाना क्षेत्र के कलकत्ता गांव में एक महिला पर हमलावरों ने हमला कर दिया। हमलावर अपनी पहचान छिपाने के लिए घर के बाहर लगा बल्ब निकालकर घर में घुसे थे। वारदात के बाद भागते समय वे अपना मोबाइल फोन मौके पर ही छोड़ गए, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। शनिवार देर रात हुई इस घटना में 48 वर्षीय लीलाबाई महिश्वरे घर में अकेली थीं। हमलावरों ने महिला के शोर मचाने पर धारदार हथियार से उसकी कनपटी और शरीर के अन्य हिस्सों पर हमला किया। घटना की सूचना मिलने पर किरनापुर पुलिस ने लीलाबाई को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गोंदिया रेफर किया गया है, जहां गोंदिया अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

## संविदा शिक्षकों ने समस्याओं के निराकरण हेतु विधायक मधु भगत को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत को संविदा शाला शिक्षक वर्ग-3 के प्रतिनिधियों ने अपनी लंबित मांगों और समस्याओं के निराकरण के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों ने बताया कि पूर्व में इंदौर की शिक्षिका सिमता श्रीवास्तव के मामले में न्यायालय के निर्णय के बाद उन्हें अध्यापक संवर्ग में समायोजित कर विभिन्न लाभ प्रदान किए गए हैं। शिक्षकों ने मांग की कि समान परिस्थितियों में कार्यरत अन्य संविदा शिक्षकों को भी उसी प्रकार का लाभ दिया जाए।

ज्ञापन में शिक्षकों ने वरिष्ठता की गणना 17 सितंबर 2008 से करने, वर्तमान में प्राप्त लगभग 18 हजार रुपये मासिक वेतन के स्थान पर समान कार्य के लिए समान वेतन देने तथा प्रशिक्षण की स्थिति में उन्हें बी.एड. कराने की व्यवस्था करने की मांग उठाई। उनका कहना है कि शासन की नीतिगत त्रुटियों के कारण उनके आदेशों के क्रियान्वयन में वर्षों का विलंब हुआ, जिससे वे पदोन्नति एवं अन्य सेवागत लाभों से वंचित रह गए।

शिक्षकों ने यह भी उल्लेख किया कि अनेक साथियों की यूनिक आईडी एवं एसएफएमएस कोड अभी तक नहीं बने हैं, जिससे वे प्रशासनिक और वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, सिमता श्रीवास्तव को प्रदान की गई क्षतिपूर्ति राशि के समान अन्य पात्र शिक्षकों को भी मुआवजा देने की मांग की गई।

ज्ञापन में विधायक से अनुरोध किया गया कि वे राज्य सरकार के समक्ष इन मांगों को प्रभावी ढंग से उठाकर संविदा शिक्षकों को सम्मानजनक जीवन एवं समान अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करें। विधायक मधु भगत ने प्रतिनिधिमंडल को उनकी समस्याओं पर यथोचित कार्रवाई के लिए शासन स्तर पर प्रयास करने का आश्वासन दिया।

### पंचो ने कलेक्टर से लगाई गुहार, जिला स्तरीय जांच दल से हो शिकायत की उच्च स्तरीय जांच

## ग्राम पंचायत जाम के सरपंच और सचिव पर लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



जनपद पंचायत लालबर्रा की ग्राम पंचायत जाम फिर एक बार सुर्खियों में है। सरपंच सचिव की मनमानी से नाराज पंचों ने 30.6. 2026 दिन मंगलवार को बालाघाट पहुंचकर कलेक्टर को ग्राम पंचायत जाम में विकास कार्यों के नाम पर हुए भ्रष्टाचार की शिकायत प्रस्तुत कर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है ग्राम पंचायत जाम के वार्ड नंबर 17 के पंच धर्मेंद्र धामडे, वार्ड नंबर 19 के च अक्षय लिल्लहारे सहित अनेकों पंचो ने अपने लिखित शिकायत पत्र में यह उल्लेख किया है की महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना से कराए गए कार्य जिसमें मोक्षधाम जाम क्रिकेट ग्राउंड, नामदेव साकुरे के खेत के सामने वृक्षारोपण कार्य में भारी वित्तीय अनियमिताएं की गई है पंचायत द्वारा पौधों की सुरक्षा के ना ही लिए फेंसिंग तार लगाए गए थे और ना ही योजना के सफल क्रियान्वयन में नियमों का पालन किया गया स्थिति यह है कि पौधे दिखाई ही नहीं देते योजना का बंढरबाट कर दिया गया जिसकी उच्च स्तरीय जांच हो। ( 2) टाका तालाब में एक ही परिसर में 4,5 फिशर पॉट निर्माण किया गया जिसमें मजदूरी में अनियमितताएं की गई है।( 3) वर्ष 2022 से लेकर जून 2026 तक ग्राम पंचायत द्वारा सभी मद पांचवा वित्त 15वां वित औरअन्य मदों से कराए गए निर्माण कार्यों में भारी अनियमिताए की गईं है और पंचों की अनुमति लिए बगैर ही निर्माण कार्यों के भुगतान कर दिया गया जो अनुचित है।( 4) बस स्टैंड में जीर्णशीर्ण अवस्था में उप स्वास्थ्य केंद्र को बिना विभागीय अनुमति लिए जमीदोज कर दिया गया और उसकी सामग्री की अफरा तफरी की गई। पंचो का का कहना है कि हमारे द्वारा चार बिंदुओं पर कलेक्टर साहब को शिकायत प्रस्तुत किया गया है। लगभग 15 दिन बीत चुके हैं लेकिन अभी तक शिकायत की जांच नहीं हुई है हम पांचों और ग्राम वासियों चाहते हैं कि गंभीर मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और योजना में पलीता लगाने वाले और शासकीय राशि का दुरुपयोग करने वाले दोषीयो पर वसूली सहित दंडात्मक कार्रवाई भी की जाए।

### वृक्षारोपण में भारी भ्रष्टाचार.?

ग्राम पंचायत जाम के वार्ड नंबर 17 के पंच धर्मेंद्र धामडे ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा कराये गए वृक्षारोपण कार्य की सफल क्रियान्वयन में सरपंच सचिव द्वारा भारी अनियमिताएं की गई है. जाम टोला मोक्षधाम मे ना तो पौधों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग तार लगाए गए और ना ही उसकी उत्तरजीविता के लिए कोई प्रयास किया गया आज की स्थिति में पौधे दिखाई ही नहीं देते योजना का बंडरबाट है और भारी भ्रष्टाचार भी हम सभी पंच चाहते हैं कि हमारे द्वारा प्रस्तुत शिकायत की उच्च स्तरीय जांच हो।

## डायरिया रोको अभियान: आठ गांवों में हैंडपंपों की मरम्मत

### पेयजल स्रोतों का किया गया क्लोरीनीकरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट जिले में संचालित डायरिया रोको अभियान के तहत रविवार 12 जुलाई को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग ने पेयजल स्रोतों को सुरक्षित बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाया। उपखंड लांजी, किरनापुर, लालबर्रा, बैहर एवं बालाघाट की टीमों ने कटंगी, कोचेवाही, नक्शी, रजेगांव, टेंगनीखुर्द, पनबिहरी, खोलवा और नेवरगांव गांवों में पहुंचकर खराब पड़े हैंडपंपों का तत्काल सुधार कार्य कराया।**




अभियान के दौरान सुधारे गए हैंडपंपों के साथ-साथ गांवों के अन्य सभी हैंडपंपों में भी जर्मेक्स (क्लोरीनीकरण) किया गया, जिससे पेयजल में मौजूद हानिकारक कीटाणुओं का नाश हो सके और डायरिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी एल उइके ने बताया कि वर्षा ऋतु में दूषित पेयजल के कारण डायरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए जिलेभर में पेयजल स्रोतों की नियमित निगरानी, हैंडपंपों की मरम्मत और क्लोरीनीकरण का कार्य लगातार किया जा रहा है। विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे पानी को छानकर एवं ढककर रखें, संभव हो तो उबालकर ही पिएं, घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखें तथा डायरिया के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। पीएचई विभाग का यह अभियान जिले में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने और जलजनित रोगों की रोकथाम की दिशा में लगातार जारी है।

### कलेक्टर मृणाल मीना की किसानों और ग्रामीणों से अपील

## कुएं में उतरने से पहले जहरीली गैस की जांच जरूर करें, थोड़ी सी सावधानी बचा सकती है जान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में कुओं में जहरीली गैस और ऑक्सीजन की कमी से होने वाली दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने किसानों, ग्रामीणों और आमजन से कुएं में उतरने से पहले जहरीली गैस की जांच करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि थोड़ी सी सतर्कता और सावधानी कई अनमोल जिंदगियां बचा सकती है।कलेक्टर श्री मीना ने बताया कि फसलों की सिंचाई के लिए मोटर पंप नीचे उतारने, खराब मोटर की मरम्मत करने अथवा अन्य कारणों से कई बार लोगों को कुएं में उतरना पड़ता है। लेकिन बिना जांच और सुरक्षा उपायों के कुएं में उतरना जानलेवा साबित हो सकता है। बालाघाट जिले में विगत वर्षों में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोगों की दम घुटने से मौत हुई है। 9 जुलाई को भी जिले में जहरीली गैस की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई है।कलेक्टर श्री मीना ने जिले के सभी गांवों में कोटवार के माध्यम से मुनादी करा कर किसानों, ग्रामीणों और आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सीमेंट-कंक्रीट के कुओं में गोबर, पेड़ों की पत्तियों तथा अन्य जैविक पदार्थों के विघटन से कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, हाइड्रोजन सल्फाइड, अमोनिया और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें बन जाती हैं। इन गैसों के कारण कुएं में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है और बिना सावधानी के उतरने वाले व्यक्ति की दम घुटने से मृत्यु हो सकती है।

कलेक्टर श्री मीना ने बताया कि कुएं में जहरीली गैस की जांच का एक सरल तरीका यह है कि जलते हुए दीये को रस्सी के सहारे पानी की सतह तक ले जाएं।

यदि दीया पानी के पास पहुंचकर बुझ जाए तो समझ लें कि कुएं में जहरीली गैस मौजूद है और उसमें उतरना सुरक्षित नहीं है। यदि गैस मौजूद हो तो उल्टे खुले छाते को रस्सी के सहारे पानी की सतह तक ले जाकर बार-बार ऊपर खींचने अथवा ऊपर से पानी का छिड़काव करने से गैस को बाहर निकाला जा सकता है। इसके बाद पुनः जलते हुए दीये से जांच कर यह सुनिश्चित करें कि वह पानी की सतह तक जलता रहे, तभी कुएं में उतरें।

### लाड़ली बहना योजना की 38वीं किश्त जारी

## बालाघाट की 3.44 लाख बहनों के खातों में पहुंचे 50.13 करोड़ रुपये

**बालाघाट**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार 12 जुलाई को भिंड जिले के लहार में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 38वीं किश्त सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी कर प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में 1835 करोड़ रुपये अंतरित किए। इस अवसर पर बालाघाट जिले की 3 लाख 44 हजार 591 लाड़ली बहनों के खातों में 50 करोड़ 13 लाख 43 हजार 100 रुपये की राशि पहुंची। योजना के तहत प्रत्येक पात्र महिला के खाते में 1500-1500 रुपये जमा किए गए।

जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने कार्यक्रम देखा और योजना की राशि प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

ग्रामीण क्षेत्रों में बैहर की 19,459 बहनों के खातों में 2 करोड़ 92 लाख 88 हजार 500 रुपये, बालाघाट की 37,380 बहनों को 5 करोड़ 60 लाख 70 हजार रुपये, बिरसा की 26,971 बहनों को 4 करोड़ 04 लाख 56 हजार 500 रुपये, कटंगी की 34,711 बहनों को 5 करोड़ 20 लाख 66 हजार 500 रुपये, खैरलांजी की 31,300 बहनों को 4 करोड़ 69 लाख 50 हजार रुपये, किरनापुर की 38,387 बहनों को 5 करोड़ 75 लाख 80 हजार 500 रुपये, लालबर्रा की 37,255 बहनों को 5 करोड़ 58 लाख 82 हजार 500 रुपये, लांजी की 38,207 बहनों को 5 करोड़ 73 लाख 10 हजार 500 रुपये, परसवाड़ा की 22,139 बहनों को 3 करोड़ 32 लाख 08 हजार 500 रुपये तथा वारासिवनी की 32,930 बहनों के खातों में 4 करोड़ 93 लाख 95 हजार रुपये अंतरित किए गए।

## इनर व्हील क्लब ऑफ बालाघाट टाइग्रेस ने कराया दो मरीजों का डायलिसिस, सेवा कार्यों की कड़ी में बढ़ाया एक और कदम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सामाजिक सेवा और जनकल्याण के लिए निरंतर सक्रिय इनर व्हील क्लब ऑफ बालाघाट टाइग्रेस ने अपने 'जीवन धारा' अभियान के अंतर्गत दो जरूरतमंद मरीजों का निःशुल्क डायलिसिस कराकर मानवीय संवेदनाओं का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। यह सेवा कार्य शहर के आयुष्मान हॉस्पिटल में संपन्न हुआ, जहां क्लब की अध्यक्ष डॉ. गुरमीत त्रिवेदी के नेतृत्व में सदस्यों ने मरीजों की सहायता सुनिश्चित की।

क्लब की सचिव अर्चना गुप्ता ने बताया कि संस्था समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा और सेवा से जुड़े कार्यक्रम संचालित करती रही है। इसी क्रम में विजय वंश पाल तथा रजल हक के डायलिसिस की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारियों के उपचार में आने वाला व्यय अनेक परिवारों के लिए चुनौती बन जाता है, ऐसे में समाजसेवी संस्थाओं की सहभागिता पीड़ितों को बड़ी राहत प्रदान करती है।

इस अवसर पर आयुष्मान हॉस्पिटल के डॉ. अर्चित शरणागत ने भी विशेष सहयोग प्रदान किया। क्लब की अध्यक्ष डॉ. गुरमीत त्रिवेदी एवं सचिव अर्चना गुप्ता ने डायलिसिस उपचार हेतु आवश्यक राशि डॉ. शरणागत को सौंपते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्लब का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों को नैतिक संबल प्रदान करना भी है।



कार्यक्रम में क्लब की सदस्य वंदना नवानी, सुरभि शर्मा, शिखा चावड़ा, तृप्ति कौशल, राधिका असाटी, प्रियंका जैसवाल, वर्षा जैन, मोनिका बिसेन, माधुरी अग्रवाल, राधिका सरोदे, रोशनी सचदेव, सारिका शांडिल्य सहित अन्य महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उपस्थित सदस्यों ने समाज के सक्षम वर्ग से भी ऐसे मानवीय प्रयासों में आगे आने का आह्वान किया।

इनर व्हील क्लब का यह प्रयास न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए राहत का माध्यम बना, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदना के मूल्यों को भी सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ। स्थानीय नागरिकों ने क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी कदम बताया।

## मगरदर्रा-टिटवा के बीच यात्रियों से भरी बस पलटी, 4 घायल



**बालाघाट**। बालाघाट जिले में रविवार को एक यात्री बस बेकाबू होकर पलट गई। इस हादसे में चार यात्री घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में इमरजेंसी गेट न होने की वजह से फंसे हुए यात्रियों को सामने का शीशा तोड़कर बाहर निकालना पड़ा। यह हादसा बालाघाट से परसवाड़ा जा रही सीताराम बस सर्विस की बस के साथ मगरदर्रा और टिटवा के बीच हुआ। बस में करीब 20 से 22 यात्री सवार थे। घायल जानवा निवासी हरेसिंह टेकाम ने बताया कि बस दोपहर करीब सवा दो बजे बालाघाट से चली थी और रास्ते में दो बार खराब हुई थी। इसके बाद ड्राइवर बस को बहुत तेज रफ्तार में चला रहा था, जिसके कारण मगरदर्रा मंदिर पहाड़ी पार करने के बाद टिटवा के पास नाले में बस बेकाबू होकर पलट गई। हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई थी। सूचना मिलते ही लामता पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
रोजगार हेतु नियमित केम्पस
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
स्वामी विवेकानन्द प्रा. I.T.I.
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832